हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

11 सीएम फ्लाइंग टीम ने की बड़छप्पर व पुट्ठी गांव में...



11 अखिल भारतीय सेवा संघ की बैठक में कार्यक्रमों...



## खबर संक्षेप

### 1.5 करोड़ का चूना लगाने वाला आरोपी धरा गया

**हिसार।** थाना आदमपुर पुलिस ने धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में आरोपी सुनील कुमार उर्फ मनीष निवासी ठाकुर बस्ती, फतेहाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गबन किए गए आभूषणों की बरामदगी और मामले में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान के लिए गहन पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी उप-निरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि 1 जनवरी 2024 को थाना आदमपुर में सुशीला निवासी मंडी आदमपुर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनकी ज्वैलरी की दुकान 'न्यू शांति ज्वैलर्स', क्रांति चौक को उनके पति के निधन के बाद उनके रिश्तेदार सुनील उर्फ मनीष संभाल रहे थे। आरोपी लगभग 15–20 वर्षों से दुकान से जुड़ा हुआ था और उसी के भरोसे करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य का सोना-चांदी सौंपा गया था।

### एक से सुबह 8 से रात 8 बजे तक भारी वाहन बंद

**हांसी।** एक अगस्त से सुबह 8 से रात 8 बजे तक हांसी शहर में भारी डंपर व अन्य कमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध ओर नो एंट्री रहेगी। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। भिवानी रोड़ मिलकपुर, सिकन्दरपुर से आने वाले वाहन, तोशाम, कंवारी, सुल्तानपुर व हिसार चुंगी मार्ग से शहर की ओर से आने वाले वाहन, बरवाला व जींद से गीता चौक होते हुए शहर में प्रवेश करने वाले वाहन वहीं दिल्ली बाईपास (गवर्नमेंट आईटीआई) से आने वाले सभी भारी डंपर व कमर्शियल वाहनों का हांसी शहर में एंट्री बंद रहेगी।

### टास्क पूरा करने के नाम पर 8.5 लाख की ठगी

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने टेलीग्राम ग्रुप पर टास्क पुरा करने के नाम पर 8 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के गंगानगर जिले के गांव केसरी सिंह पुरा निवासी सुनील के रूप में हुई है। एएसआई प्रेम ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2024 में गांव बुडाना गांव निवासी इंद्रावती से टेलीग्राम ग्रुप पर टास्क पुरा करने के नाम पर 8 लाख 50 हजार रुपये धोखाधड़ी की थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने इंद्रावती की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि आसानी से धन कमाने का झांसा देने वाले लोगों के चंगुल में न फंसे।

### हत्या प्रयास के दोषियों 2 भाइयों को 5-5 साल की कैद

**हिसार।** अदालत ने जानलेवा हमला करने के मामले में दोषी 2 भाइयों को 5-5 साल की कैद की सजा सुनाई है। बता दें कि अदालत ने गांव मुगलपुरा निवासी आरोपी अंशु और उसके भाई संजु को 5 दिन पहले दोषी करार दिया था। अदालत में चले अभियान के अनुसार उकलाना थाना पुलिस ने इस संबंध में मई 2020 में केस दर्ज किया था। मुगलपुरा निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि कुनबे के लोगों के साथ हमारा जमीनी विवाद चल रहा है। अंशु और संजु ने 1 मई 2020 को जमीनी विवाद को लेकर हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल हालत में परिजन उसे अस्पताल में लेकर आए। उकलाना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# एयरपोर्ट पर 94.43 लाख का बिजली बिल बकाया, सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एयरपोर्ट ने बिल का डीडी बनवाया

**एयरपोर्ट का बिजली निगम का करीब 94.43 लाख तथा जनस्वास्थ्य विभाग का करीब 64 लाख का बिल बकाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के बड़े बकायादारों में महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट तथा जनस्वास्थ्य विभाग सबसे ऊपर है। एयरपोर्ट का बिजली निगम का करीब 94.43 लाख तथा जनस्वास्थ्य विभाग का करीब 64 लाख रुपये का बिल बकाया है। सोशल मीडिया में एयरपोर्ट का लाखों का बिल बकाया होने की सूचना वायरल हुई तो लंबे समय से सुस्त पड़ी एयरपोर्ट अधिकारियों ने चुस्ती दिखाई और बिजली बिल का डिमांड ड्राफ्ट बनवा दिया, जिसे बुधवार को बिजली निगम को सौंप दिया जाएगा। उधर, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी बकाया बिजली बिल के भुगतान को लेकर एक्टिव मोड़ में आ गए हैं। जानकारी के अनुसार महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट का बिजली बिल पिछले करीब 8 महीने से नहीं भरा गया। दिसंबर 2024 से अब तक का यह बिल 94 लाख 43 हजार रुपये पर पहुंच गया। बिजली निगम के रिकॉर्ड में सबसे बड़े बकायादारों की लिस्ट में एयरपोर्ट अथॉरिटी सबसे ऊपर है। निगम की ओर से एयरपोर्ट अथॉरिटी से बिल भरने के बारे



हिसार। महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट।

में कई बार अनुरोध किया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी को कई बार रिमांइडर भेजकर बिजली बिल भरने के लिए अनुरोध किया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी बोले चंडीगढ़ से बिल भरा जाएगा। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के बड़े बकायादारों में महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट तथा जनस्वास्थ्य विभाग सबसे ऊपर है। बाद में बोले तक कि अभी अप्रूवल नहीं मिली। एयरपोर्ट का करीब 2000 किलोवाट का बिजली लोड है। एयरपोर्ट के लिए अलग से 33 केवी का बिजली घर बनाया हुआ है।

**कनेक्शन काटने का नोटिस भेजा था**

एयरपोर्ट अथॉरिटी से लंबे समय से अनुरोध कर रहे थे। हमने कनेक्शन काटने का नोटिस भेजा था। मंगलवार को सोशल मीडिया में मामला वायरल होने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से हमें फोन आया कि बिल भरने के लिए डिमांड ड्राफ्ट तैयार कराया गया है। बुधवार को डीडी सौंपा जाएगा। एयरपोर्ट के बाद जनस्वास्थ्य विभाग पर 64 लाख रुपये का बिल पेंडिंग है। **मुकेश रोहिल्ला, एसडीओ, बिजली निगम।**

## जिला नगर आयुक्त नीरज ने जांची हांसी की सफाई व्यवस्था

# 10 दिन में हांसी शहर जगमग न दिखा तो कंपनी होगी ब्लैक लिस्ट: नगर आयुक्त

- जिला नगर आयुक्त ने शहर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर अधिकारियों को मौके पर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- दुकानदार और वाइस चेयरमैन अनिल बंसल के बीच तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी





हांसी। नगर परिषद कार्यालय में नगर पार्षदों के साथ बातचीत करते जिला नगर आयुक्त नीरज व सफाई व्यवस्था का जायजा लेते जिला नगर आयुक्त नीरज व अन्य।

शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था व गोवंश की समस्या का जायजा लेने के लिए जिला नगर आयुक्त नीरज कुमार मंगलवार को नगर परिषद पहुंचे। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था व बेसहारा गोवंश की समस्या को लेकर नगर पार्षद व अधिकारियों के साथ मीटिंग कर समस्याओं के निवारण के लिए गहन चर्चा की। इस दौरान नगर परिषद कार्यालय में सफाई व्यवस्था व बेसहारा गोवंश को लेकर एक दुकानदार और वाइस चेयरमैन अनिल बंसल के बीच तीखी बहस हुई। मौके पर मौजूद पार्षदों ने दोनों को शांत करवाया। इस दौरान चेयरमैन व पार्षदों ने बताया कि पिछले लगभग 3 महीने से स्ट्रीट लाइटों की समस्या आ रही हैं। जिसको लेकर जिला नगर आयुक्त ने एजेंसी को 10 दिन तक पूर्ण रूप समस्या का समाधान अधिकारी को निर्देश दिए। अगर तय समय सीमा में एजेंसी कार्य करने में नाकाम रहती है तो उसको ब्लैक लिस्ट करने के जिला नगर आयुक्त ने आदेश दिए। इस अवसर मौजूद पार्षदों ने नगर आयुक्त के समक्ष अपने वार्ड की बदहाल सफाई व्यवस्था और आवारा पशुओं तथा बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की समस्या को रखा। इस अवसर पर वार्ड नंबर 26 के पार्षद दुलीचंद नागौरा ने निगमायुक्त को बताया कि उनके वार्ड में व्याप्त सफाई व बेसहारा गोवंश की समस्या को लेकर वार्डवासियों ने कुछ दिन पहले नगर परिषद कार्यालय में प्रदर्शन करने तथा चारकुतुब गेट के समीप रोड़ जाम करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उस वक्त कार्यकारी अभियंता विक्की द्वारा मांगे गए दो दिन का समय भी बीत चुका है, लेकिन उनके वार्ड के हालात जस के तस बने हुए हैं उनमें कोई सुधार नहीं हुआ है।

### बड़े बकायादारों के भवन सील करने के आदेश

*प्रोप्टर्टी टैक्स को लेकर जिला नगर आयुक्त ने प्रॉपर्टी टैक्स से सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसमें जिला नगर आयुक्त ने कहा कि बड़े प्रॉपर्टी टैक्स के बकायादारों की प्रॉपर्टी को सीलिंग कार्रवाई के अधिकारियों को आदेश दिए। उन्होंने प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी बढ़ाने के साथ प्रॉपर्टी सम्बन्धित फाइलों का निपटान एसओपी के अनुसार करने के आदेश दिए।*

### नई टिप्पर गाड़ियां खरीदी जाएंगी

जिला नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के कूड़ा कर्कट को डंपिंग स्टेशन तक भिजवाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली हायर कर जल्द ही इस समस्या को दूर किया जाएगा। इसके लिए नई टिप्पर गाड़ियां खरीदी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त एक बार ठेकेदार व परिषद के सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर कॉलोनी वाइज सफाई की जाएगी ताकि शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर पार्षदों बेसहारा पशुओं पकड़ने तथा बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक करवाने का आश्वासन दिया।

### डोर टू डोर कचरा उठान की समस्या होगी दूर

*इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला नगर आयुक्त नीरज ने कहा कि वह स्वयं हांसी शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने आए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि डोर टू डोर कचरा उठाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए जल्द ही नए टिप्पर खरीदें ताकि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की समस्या दूर हो सके और घरों का कूड़ा सड़क पर ना आए।*

### जिला नगर आयुक्त ने नप अधिकारियों को मौके पर दिए निर्देश

*जिला नगर आयुक्त नीरज ने पार्षदों के साथ मीटिंग के उपरांत नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण ऐलावादी, उप प्रधान अनिल बंसल, परिषद अधिकारियों व अन्य प्रतिनिधियों के साथ श्याम मंदिर रोड़ स्थित तोरणद्वार, आमटी तालाब, कालेज रोड़, चारकुतुब गेट सहित कई अन्य स्थानों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारी को मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।*

## 18 तोले सोने के गहने, 600 ग्राम चांदी व 6 लाख की नकदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बरवाला गांव बनभौरी में एक व्यक्ति के मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़कर अलमारी में से लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषणों व नकदी की चोरी करके फरार हो गया। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाकर कार्यवाही आरंभ कर दी। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और इस घटना के अहम पहलुओं को अपने कैमरे में कैद किया। मकान मालिक गांव बनभौरी निवासी तुषार ने बताया कि सोमवार देर रात्रि लगभग अढ़ाई बजे उसकी नींद खुली तो पाया कि सीढ़ियों का दरवाजा खुला पड़ा है। नीचे आकर देखा तो हाल के दरवाजे का ताला टूटा मिला तथा अलमारी का सारा सामान अस्त व्यस्त मिला। परिवार के सभी लोगों को जगा कर पूछा तो सभी ने इस बारे में अनभिज्ञता जाहिर की। अलमारी के बिखरे पड़े सामान को संभाला तो सामान में से लगभग 18 तोले के सोने के आभूषण और लगभग 600 ग्राम चांदी के आभूषण तथा लगभग 6 लाख रुपये की नकदी की चोरी हुई पायी गई। तुषार



ने बताया कि उसकी 25 दिन पहले 4 जुलाई को शादी हुई थी और ये सभी आभूषण और नकदी शादी के समय की रखी हुई थी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार इस घटना को सिर्फ 30-- 35 साल के एक युवक ने अंजाम दिया है। वो चार दिवारी को फांदकर पड़ोसियों की छत से आते हुए मकान के अंदर घुसकर चोरी करके फरार हो गया। रात्रि साढ़े 12 बजे वो सोया ही था और अढाई बजे उसकी नींद ही खुल गई। सिर्फ 2 घंटे के दौरान ही शातिर चोर चोरी की वारदात को अंजाम देकर रफू चक्कर हो गया।

### पुलिस के खिलाफ हमने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की : कृष्ण बेदी

**हिसार।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि कुछ लोग हव्वा फैला ले रहे थे कि पुलिस के खिलाफ एफआईआर कर दी, पुलिस का मनोबल तोड़ दिया। पुलिस के खिलाफ हमने कोई एफआईआर नहीं की और न ही किसी का मनोबल तोड़ने की हमारी और हमारी सरकार की मंशा थी। जिन लोगों की मांग थी कि पुलिस पर एफआईआर होनी चाहिए आज वे लोग उधर जाकर समर्थन कर रहे हैं, ये उन्हीं लोगों का नाटक है जो लाश पर राजनीति कर रहे थे। मंत्री कृष्ण बेदी ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गणेश मौत मामले से जुड़े सवाल पर मंत्री बेदी ने आरोप लगाया कि कुछ लोग लाश पर राजनीति कर रहे थे, जब सरकार के साथ बैठकर फैसला हुआ तो ऐसे लोग अंतिम संस्कार में भी नजर नहीं आए।

# स्टार परिवार ने किया तीज महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

स्टार परिवार क्लब की ओर से रविवार को तीज के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक व तीजोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूजा मित्तल, नीतू जैन व आशू जैन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन अंजू जैन, नीतू व मीना ने किया। तीजोत्सव कार्यक्रम मे विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं रखी गई। जिनमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कान्हा जी श्रृंगार प्रतियोगिता में प्रवेश न प्रथम व शैली ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया वहीं जुगल जोड़ी प्रतियोगिता में वंशिका सलोनी ने प्रथम और ऋतु व साक्षी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर साक्षी, रेणु, गुंजन, ऋतु व रूबी सहित काफी संख्या में स्टार क्लब की सदस्या उपस्थित रही।



हांसी। तीज महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती स्टार क्लब की महिला सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# घर से लापता युवक का शव सिवानी फीडर नहर में मिला

- सोमवार शाम से गांव प्रेम नगर अपने घर से लापता था युवक काला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सिवानी फीडर नहर में मंगलवार सुबह उमरा रोड के पास स्थित फौजी अकादमी के पास सोमवार शाम से लापता व्यक्ति शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सिवानी फीडर में शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच परिजनों की मदद से शव की। नहर में मिले शव की पहचान गांव प्रेम नगर से सोमवार शाम से घर से लापता 35 वर्षीय काला के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। जहां पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। शहर थाना प्रभारी सदानंद ने बताया कि मंगलवार सुबह सिवानी फीडर में युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।



हांसी। फाइल फोटो मृतक काला व शव को नहर से बाहर निकालने के बाद जांच करती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

### पांच साल पहले हो चुका था तलाक

नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक काला के पड़ोसी अमित ने बताया कि काला तीन भाई-बहनों में एक था। और परिवार मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता है। काला विवाहित था लेकिन करीब पांच साल पहले उसका तलाक हो चुका था। बता दें कि सिवानी फीडर में रविवार शाम भी एक प्रवासी मजदूर गिर गया था और करीब 21 घंटे के बाद रिछपुरा गांव के समीप उसका शव बरामद हुआ था।

# गोशाला में कला से करुणा तक चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

भारत विकास परिषद गायत्री शाखा एवं रागिनी कला केंद्र के संयुक्त तत्त्वावधान में श्री गौरक्षा सेवा समिति गोशाला में आयोजित श्री अति रुद्र महायज्ञ के दौरान छह दिवसीय कला से करुणा तक विशेष चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इसमें बरवाला व उकलाना क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति को जनसेवा से जोड़ा है। भाविप शाखा बरवाला सचिव राजेंद्र भट्ट ने बताया कि इस प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, प्रांतीय दायित्वधारी दीपक शर्मा, अशोक गुप्ता एवं बरवाला के जाल वाले बाबा प्रहलाद नाथ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। यह प्रदर्शनी 3 अगस्त तक लगाई जाएगी। हरियाणा के सुप्रसिद्ध चित्रकार राजेन्द्र भट्ट ने बताया कि यह आयोजन शिव तत्व, गौमाता के प्रति श्रद्धा और समाज के प्रति संवेदना को समर्पित है। इस दौरान मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा प्रांत संयोजक रामनिवास वर्मा, शाखा संरक्षक साधु राम जाखड़, शाखा प्रधान पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल, महिला संयोजिका गुंजन गोयल, पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार कौशिक, पूर्व सचिव जिले सिंह सहित काफी संख्या में रहे।

**मंचन**

## तुलसी ऑडिटोरियम में 400 साल पुरानी लोकनाट्य परंपरा स्वांग का मंचन

# विदेशों में भी खूब रास आ रही है हरियाणा लोक संस्कृति स्वांग : डॉ. सतीश कश्यप

डॉ. सतीश कश्यप ने कहा कि वे 1990 से स्वांग की कला को पुनः जीवित करने में लगे

- जेएसएल के तुलसी ऑडिटोरियम में हरियाणा की 400 साल पुरानी लोकनाट्य परंपरा स्वांग का मंचन किया


हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जेएसएल के तुलसी ऑडिटोरियम में हरियाणा की 400 साल पुरानी लोकनाट्य परंपरा स्वांग का मंचन किया गया। त्रिया चरित्र स्वांग की प्रस्तुति दर्शकों के लिए लोककला और नाट्य के अनूठे संगम का अनुभव लेकर आई।

इस स्वांग का निर्देशन एवं डिजाइन स्वांग फोक एकेडमी के अध्यक्ष कलाकार डॉ. सतीश कश्यप द्वारा किया गया। प्रभावशाली प्रस्तुति का समावेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वांग प्रस्तुति में रमण नाशा, प्रगति सिंह, विभोर भारद्वाज, अनिल सैनी, संजना कश्यप, अपूर्व भरद्वाज, राजेश खन्ना, प्रीतपाल व नीरज लोट ने सहयोग दिया। संगीत कमल राना का रहा व नृत्य निर्देशक राखी जोशी रही। डॉ. सतीश कश्यप ने कहा कि वे 1990 से स्वांग की कला को हरियाणा में ऐतिहासिक 400 साल पुरानी पुनः जीवित करने में लगे हुए हैं। उनका कहना है कि स्वांग जीने की कला और दमा-दम-मस्त कलंदर है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्वांग की इस विधा को पहुंचाने के साथ-साथ वे विदेश की धरती पर भी हरियाणा लोक संस्कृति स्वांग को पहुंचा रहे हैं। उन्होंने हरियाणवी लोक संस्कृति स्वांग को डेनमार्क, स्वीडन, फ्रांस व ऑस्ट्रेलिया आदि देशों तक पहुंचाया है। पिछले दिनों ही वे डेनमार्क में 'जानी चोर' स्वांग का शो करके वहां से लौटे हैं। यशपाल शर्मा की फिल्म 'दादा लख्मी' में वही विलेन की भूमिका में खूब जंचे हैं तो कॉलेज कांड में भी विलेन के ही रोल में दिखे। कार्यक्रम में विजय बिंदलिश मुख्य अतिथि और राकेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नाट्यप्रस्थ रंगमंच के अध्यक्ष आर. बी. आर्य ने कई थिएटर जगत की हस्तियों को सम्मानित किया। दीपिका ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### स्वांग की कला को पुनः जीवित करना मकसद

*डॉ. सतीश कश्यप ने कहा कि वे 1990 से स्वांग की कला को हरियाणा में ऐतिहासिक 400 साल पुरानी पुनः जीवित करने में लगे हुए हैं। उनका कहना है कि स्वांग जीने की कला और दमा-दम-मस्त कलंदर है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्वांग की इस विधा को पहुंचाने के साथ-साथ वे विदेश की धरती पर भी हरियाणा लोक संस्कृति स्वांग को पहुंचा रहे हैं। उन्होंने हरियाणवी लोक संस्कृति स्वांग को डेनमार्क, स्वीडन, फ्रांस व ऑस्ट्रेलिया आदि देशों तक पहुंचाया है।*



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

लाइफ Style



# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

## हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।




# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिल्टर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

## टीवी मसाला




# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन



हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।

# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।



**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉर्ड्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉर्ड्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!


*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।






**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

खबर संक्षेप

## मेयर प्रवीण पोपली ने किया पौधरोपण

**हिसार।** नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली ने सेक्टर-14 स्थित सुभाष पार्क में शाहिन ग्रुप द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सैक्टर-33 वैल्फेयर एसोसिएशन के फाउंडर निशांत गर्ग भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर शाहिन क्लब के सदस्य पारूल का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। कैंटर एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत गर्ग ने मेयर प्रवीण पोपली के समक्ष सैक्टर-33 की विभिन्न समस्याएं रखीं। उन्होंने बताया कि सैक्टर में विभिन्न पार्कों की हालत दयनीय हैं। इसके साथ ही उन्होंने सेक्टर की सड़कों, सीवरेज, पानी, स्ट्रीट लाइट व आवारा पशु आदि की समस्या से भी उन्हें अवगत करवाया। इस मौके पर धर्मेंद मलिक, पारूल आहुजा आदि रहे।

## गुजवि में प्रवेश के लिए ऑन द स्पॉट काउंसलिंग आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान द्वारा 30 जुलाई को संस्कृत विषय में स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए ऑन द स्पॉट काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। यह काउंसलिंग प्रातः 9:00 बजे से संस्थान परिसर में शुरू होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. किशनाराम बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि काउंसलिंग में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी संकाय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। संस्कृत विषय में अध्ययन की रुचि रखने वाले विद्यार्थी इस काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

## बच्चों ने पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में दिखाई रूचि

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में तीज का उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में जहां एक ओर नन्हें मुन्हों को प्रकृति के महत्व के बारे में बताया गया, वहीं दूसरी तरफ विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्रांगण में कुछ विद्यार्थियों ने रंगोली बनाई तो कुछ बच्चे मेहंदी के रंगों में रंगे नजर आए। कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने पतंग बनाओ और पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता में खूब रुचि दिखाई। कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवी के बच्चों ने बैंगल आर्ट में अपनी कलात्मकता दिखाई।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का स्वागत

**हिसार।** ब्लॉक स्तर पर अंडर 17 खो-खो प्रतियोगिता में न्यू इंडिया कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैच में आस्था शर्मा, खुशी यादव, साक्षी ,दीपिका, नेहा रानी, पायल, रितिका, साक्षी, दीपिका, नैंसी, कीमत, साक्षी, ईशा सभी खिलाड़ियों ने उत्साह से भाग लिया। आस्था शर्मा का सहयोग तारीफ के काबिल रहा। मैच में जीत हासिल करने में उसकी खास भूमिका रही, जिसके चलते उसे गर्ल ऑफ द मैच पद से सम्मानित किया गया। ब्लॉक स्तर पर अंडर 17 खो-खो प्रतियोगिता में न्यू इंडिया कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल पहुंचने पर इन छात्राओं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### किसानों को दिया त्वरित समाधान का आश्वासन

# सीएम फ्लाइंग टीम ने की बड़छप्पर व पुट्ठी गांव में जल निकासी के कार्यों की जांच

किसानों की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हांसी क्षेत्र के जलभराव से प्रभावित गांवों में किसानों की शिकायत पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। टीम की अगुवाई सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने की। उनके साथ सिंचाई विभाग के एसडीओ विवेक गुप्ता, जेई प्रवीण तथा एएसआई सुरेंद्र भी मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग टीम ने बड़छप्पर और पुट्ठी गांवों में खेतों में जमा बरसाती पानी और उसकी निकासी को लेकर किए जा रहे कार्यों की बारीकी से जांच की। दौरे के दौरान टीम ने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण उनके खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलों को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से त्वरित जल निकासी की मांग की।

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार और प्रशासन उनकी समस्याओं को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में पहले ही पाइपलाइन और बिजली चालित मोटरें लगाई जा चुकी हैं और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त मोटरें भी लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि गांव पुट्ठी का बरसाती पानी जूही फीडर में तथा गांव बड़छप्पर का बरसाती पानी पाइपलाइन म माध्यम से सुंदर ब्रांच में डाला जा रहा है।


नारनौंद । सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना व सिंचाई विभाग के अधिकारी गांव बड़छप्पर व पुट्ठी में जल निकासी कार्यों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**आवश्यक कदम उठाने के दिए निर्देश**

उन्होंने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और कहा कि जल निकासी कार्य को प्राथमिकता के तौर पर करते हुए और समयबद्ध ढंग से सभी प्रभावित खेतों से पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। सीएम फ्लाइंग इन्चार्ज सुनैना ने कहा कि सरकार के निर्देश हैं कि किसानों की फसलों को नुकसान से बचाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं।


दांतों की जांच करते चिकित्सक।

## सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में लगाया दांतों की जांच का कैंप

- दो दिवसीय नि :शुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने डाबड़ा रोड स्थित सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. सचिन मित्तल, डॉ. मुदिता के बाहेती, डॉ. तरूण और अभिषेक पांडे ने अपनी चिकित्सा सेवाएं दी।

इस दौरान करीब 550 बच्चों की एआई डेंटल रोबोट मशीन के माध्यम से मौखिक जांच की गई। प्रिंसिपल निशा शर्मा ने डेंटल चिकित्सा टीम के अभियान की सराहना की। इस अवसर पर दंत चिकित्सकों ने जागरूक करते हुए कहा कि कम उम्र ही बच्चों में स्वस्थ आदतें विकसित करनी चाहिए ताकि भविष्य में दांतों संबंधी किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने टुथब्रशिंग का सही तरीका बताया और अपने दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिए। शिविर का उदेश्य दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा की रीति और नीति से अवगत कराना ही प्राथमिकता : बेदी

- भाजपा जिला हिसार की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न, मंत्री कृष्ण बेदी व अनेक वरिष्ठ नेताओं ने किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

भाजपा जिला हिसार के प्रमुख पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की, जबकि हरियाणा सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री कृष्ण बेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे और पार्टीजनों को मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। यह बैठक संगठनात्मक विषयों, भावी योजनाओं एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री अनूप धानक, हिसार नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि पार्टी संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा की रीति-नीति और विचारधारा से अवगत कराना हमारी प्राथमिकता है। भाजपा संगठन को सर्वोपरि मानती है और आमजन की आवाज़ को सरकार तक पहुंचाना ही हमारा प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 125 वर्ष पुरानी कांग्रेस की वर्तमान स्थिति देश की जनता के सामने है। यदि सरकार की नीयत और नीति साफ हो, तो कठिन से कठिन कार्य भी सहजता से पूरे किए जा सकते हैं, यही भाजपा के शासन में साकार हो रहा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सतवीर वर्मा, कृष्ण सरसाना, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, जिला उपाध्यक्ष रामफल नैन, कार्यालय प्रमुख सुरेन्द्र सिंह सैनी, जिला सचिव एडवोकेट कृष्ण खटाना, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, प्रदेश दस्तावेजी प्रमुख प्रवीण जैन, मीडिया विभाग के सुरेश गोयल धूप वाला, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, दीपक अग्रवाल व राहुल सैनी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहें


हिसार । भाजपा संगठन की बैठक को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, साथ हैं मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व अन्य।

# लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंगाली में लगाया निःशुल्क कैंप

275 लोगों ने करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंगाली के दादी गौरी मंदिर में आंखों व कान का निशुल्क कैंप आयोजित किया। मंगाली व आसपास के क्षेत्रों के 275 लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। कैमरी आश्रम के स्वामी राजदास, लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला मंगालीवाला, प्रधान अनिल मीरकां, उपप्रधान वेदप्रकाश सिंगला, सचिव निर्मल गर्ग व कोषाध्यक्ष पवन जालंधरा, मंगाली के सरपंच चंद्रभान, समाजसेवी सत्यपाल अग्रवाल व दुनीचंद गोयल ने मंदिर परिसर में पौधा लगाकर शिविर की शुरुआत की। यह शिविर डीएआरसीएल के कृष्ण कुमार गोरखपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया और कृष्ण कुमार गोरखपुरिया का सहयोग रहा। निशुल्क दवाइयों व चश्मों के वितरण में समाजसेवी एनके गोयल का विशेष सहयोग रहा। कैंप में मेयाश अस्पताल के डॉ. यशपाल सिंगला व टीम एवं ईएनटी डॉ. दिशांत छाबड़ा ने अपनी सेवाएं दी। इनके साथ ही श्री रानी दादी मंगालीवाला चैरिटेबल हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका मित्तल ने आंखों की निशुल्क जांच करके उचित परामर्श दिया। शिविर के दौरान समाजसेवी जगदीश जिंदल, पार्षद संजय डालमिया, ललित शर्मा, संजय गर्ग, निशांत गेरा, जयभगवान सिंगल, अभय मित्तल, वीरेंद्र गुप्ता, सरपंच बलवंत जोगी, डॉ. वीरेंद्र कौशिक, सरपंच बलराज धायल, सरपंच सुभाष मांजू, चंद्रप्रकाश गर्ग, पूर्व सरपंच लीलूराम, रोहित गोयल, अतुल गर्ग, सुमित, जगन्नाथ, व सुशील रहेजा मौजूद रहे।


हिसार। फ्री मेगा कैंप का शुभारंभ करते कैमरी आश्रम के स्वामी राजदास महाराज।

# अखिल भारतीय सेवा संघ की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा


हिसार । बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय सेवा संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

अखिल भारतीय सेवा संघ की एक आम सभा रामचद्र गुप्ता के रेड स्कवेयर मार्केट स्थित कार्यालय में हुई। प्रांतीय सह प्रभारी राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि 30 जुलाई को रेडक्रॉस भवन में मंदबुद्धि बच्चों को स्टेशनरी सामान देने का फैसला हुआ।

31 जुलाई को शहीद उधम सिंह की जयंती पर माल्यार्पण करने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन के जन्मदिवस 14 अगस्त पर एक रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, अध्यक्ष विनोद गोयल, सचिव संजीव राजपाल, कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग एडवोकेट, गौरव भाटिया, गुलशन कथूरिया, सतीश भुटानी, विनोद वर्मा, रंजीव राजपाल, सुरेश बत्रा, राधेश्याम महता, प्रदीप कटारिया आदि मौजूद रहे।

## डेंगू की रोकथाम के लिए प्रशासन तुरंत फोगिंग करवाए : सुमन शर्मा



हांसी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंडित सुमन शर्मा ने कहा है कि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है और मच्छरों की संख्या बढ़ने लगी है। इन्हीं महीनों में डेंगू फैलने की संभावना प्रबल होती है जुलाई से अक्टूबर तक डेंगू का सबसे अधिक खतरा बना रहता है और अभी तक पूरे प्रदेश में प्रशासन सोया हुआ है पंडित सुमन शर्मा ने कहा कि डेंगू रोकने के लिए तुरंत प्रभाव से सरकार को प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर आधुनिक मशीनों से फोगिंग करवानी चाहिए और प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू से संबंधित उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करते हुए इन बरसाती महीनों में विशेष तौर पर सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर स्वच्छता का विशेष अभियान चलायa जाए और आम नागरिकों को भी इससे बचाव हेतु जागरूक किया जाए। प्रदेश प्रवक्ता पंडित सुमन शर्मा ने कहा कि सुनने में डेंगू एक आम बीमारी है लेकिन सामान्य और गरीबी रेखा से नीचे जीवन पालन करने वाले परिवारों के लिए यह एक गंभीर समस्या है जिसमें पीड़ित व्यक्तियों को जहां प्राइवेट अस्पतालों में आर्थिक एवं शारीरिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

# रातभर में 74 एमएम बारिश, उमसभरी गर्मी से कुछ हद तक मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कनीना

क्षेत्र में सोमवार रात को हुई मानसून की 74 एमएम बारिश के बाद उमसभरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है। वहीं खेतों में कपास व बाजरे की फसल लहलहाने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। सिंचाई के अभाव में ये फसल मुरझाने लगी थी। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि कनीना ब्लॉक में करीब 33 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से करीब 20484 हेक्टेयर में बाजरा, 8114 एकड़ में कपास, 674 में एकड़ हरा चारा, 116 एकड़ में ग्वार सहित अरहर, तिल आदि की खेती की गई है। वहीं बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। दूसरी ओर बारिश के चलते उन्हाणी के समीप रामपुरी रजवाहे के लीकेज साइफन के स्थान पर हालात खराब होते जा रहे हैं। अटेली मोड़, बस स्टैंड सहित विभिन्न निचले स्थानों पर पानी जमा हो गया। यात्रियों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग की ओर से बीते वर्ष सड़क के दोनों ओर बनाए गए नाले तक दुकानदारों की ओर से मिट्टी डाले जाने से सड़क पर जलभराव हो गया। जिसको लेकर स्थानीय नागरिकों ने उपमंडल एवं नगरपालिका प्रशासन से पानी निकासी की गुहार लगाई है। बारिश का पानी जमा होने से सड़क टूटने लगी है।

**बोलीं चेयरपर्सन**

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने कहा कि मानसून से पूर्व नालों की सफाई करवाने के साथ जोहड़ों की छटाईं करवाई गई थी। लोक निर्माण विभाग की ओर से नाले का कार्य अधूरा छोड़ने से मुख्य मार्ग पर पानी भर जाता है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से सीवरेज सिस्टम को चुस्त दुरूस्त नहीं किया गया। जिससे हालात बिगड़ने की संभावना है। हालांकि नपा की टीम जलभराव वाले प्वाइंटों पर नजर रख रही है। सडक पर पानी नहीं ठहरने देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## ज्योतिषाचार्य अनिल वत्स ने किया श्री सिद्ध महामृत्युंजय अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

ज्योतिष जगत की जानी-मानी हस्ती एवं विख्यात ज्योतिषाचार्य अनिल वत्स मय्यड़ स्थित श्री सिद्ध महामृत्युंजय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र में अपनी धर्मपत्नी के साथ पहुंचे और पावन श्रावण मास में संस्थान में स्थित नर्मदेश्वर शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया। इसके साथ ही उन्होंने संस्थान के पास स्थित विश्व के सबसे बड़े महामृत्युंजय यंत्र का अवलोकन किया और इस यंत्र की स्थापना के लिए स्वामी सहजानंद सरस्वती को बधाई दी व प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह महामृत्युंजय यंत्र अद्भुत है और सकारात्मक ऊर्जा का भंडार है। जिस प्रकार मिश्र के पिरामिड के नीचे कई-कई वर्षों तक वस्तुएं सुरक्षित रहती हैं। उससे भी कहीं शक्तिशाली और जीवंत ऊर्जा का भंडार यह महामृत्युंजय यंत्र है यदि कोई इसके नीचे बैठ कर ध्यान करे तो उसके दैहिक, दैविक और भौतिक तापों का नाश हो जाएगा।


हिसार । आश्रम के निकट स्थित महामृत्युंजय यंत्र का अवलोकन करते ज्योतिषाचार्य अनिल वत्स।

उन्होंने कहा कि सभी को एक बार इस यंत्र के दर्शन करने और इसकी ऊर्जा का लाभ लेने के लिए यहां जरूर आना चाहिए क्योंकि यहां पर भगवान शिव की साक्षात कृपा बरसती है। नर्मदेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक और हवन का सौभाग्य मिलता है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली समझते हैं जो उन्हें यहां आने का अवसर मिला। आश्रम में पहुंचने पर स्वामी सहजानंद सरस्वती व आचार्य कार्तिकेय ने अनिल वत्स व उनकी धर्मपत्नी अनुश्री का फूलों से स्वागत किया।

**वर्कशाप** बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने पर दिया जोर

# राज्य स्तरीय यूथ एंड इको क्लब फॉर मिशन लाइफ वर्कशॉप काआयोजन

- जिला नोडल अधिकारी संदीप चहल यूथ एंड इको क्लब फॉर मिशन लाइफ ने प्रतिभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला के सौजन्य से यूथ एंड इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम का तीन दिवसीय राज्यस्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें जिला हिसार से जिला नोडल अधिकारी संदीप चहल यूथ एंड इको क्लब फॉर मिशन लाइफ ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला कार्यालय में कार्यरत कंसलटेंट डॉ. धीरज कौशिक एवं डॉ. राम कुमार (प्रधानाचार्य) एवं उनकी टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर राज्य के सभी 22 जिलों से एपीसी व सेकेंडरी एवं एलिमेंट्री कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के उद्देश्यों को सभी स्कूलों के प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाना है ताकि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हो सके तथा वे पर्यावरण बचाने और निखारने के लिए हर संभव प्रयास कर सकें। कार्यक्रम में वर्ष के दौरान की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गई एवं गत वर्ष की गई गतिविधियों का अवलोकन किया गया। रिसोर्स पर्सन सरवन सिंह ने विभाग के हाई अलटिट्यूड प्रोग्राम्स, सेफ्टी मेजरस एवं नोटिफिकेशन अपलोडिंग प्रोसेस आदि विषयों पर सेशन लिया। रिसोर्स पर्सन संदीप कुमार ने साहसिक एवं प्रकृति अध्ययन कार्यक्रमों कों नई शिक्षा नीति, एनसीईएफ एवं शैक्षणिक सिद्धांतो के साथ अनुरूपता, बिल्डिंग टीम ऑन डिस्ट्रिक्ट लेवल, हरियाणा की वनस्पति एवं जीव जंतुओ से सम्बंधित सेशन लिए। कार्यशाला में प्रदेश भर से आए हुए इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं शिक्षकों को प्रमाण


हिसार । प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

# लड़कियां दो परिवारों की लाज : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

जीएनजेएन गोयंका गर्ल्स हाई स्कूल में मेहंदी, राखी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल की मुख्य अध्यापिका अंगूरी देवी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीजीएसडी शिक्षा संस्थाओं व शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग थे। मेहंदी प्रतियोगिता सविता व मीनाक्षी देवी की देख-रेख में हुई। इसमें प्रथम वंशिका, द्वितीय मानसी व तृतीय नेहा रही।

राखी बनाओ प्रतियोगिता वीना व पूजा देवी की देख-रेख में हुई। इसमें प्रथम प्रेरणा, द्वितीय विधि व तृतीय सिमरन रही। रंगोली बनाओ प्रतियोगिता सोनिया व कविता देवी की देख-रेख में हुई।

इस प्रतियोगिता में प्रथम आस्था, द्वितीय कोमल व तृतीय जानवी रही। मुख्य अतिथि बजरंग गर्ग ने प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया। उन्होंने कहा कि लड़कियां दो परिवारों की लाज होती है और दोनों परिवार का मान-सम्मान बढ़ाती है। इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, ओम प्रकाश असीजा, रमेश लोहिया, प्रवीन जैन, जगत नारायण, प्रिंसिपल सत्येंद्र गोयल, मुख्य अध्यापक गंगा लाल प्रसाद मौर्य, दीपक कुमार, म्यूजिक टीचर रविन्द्र कुमार, किशन बागड़ी आदि मौजूद रहे।


हिसार। विद्यार्थियों को सम्मानित करते पीजीएसडी शिक्षा संस्थाओं व शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग।

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सम्मेलन 2 को

**हिसार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधिक, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग का वार्षिक सम्मेलन 2 अगस्त को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष लाल बहादुर खोवाल एडवोकेट ने बताया कि इस वार्षिक सम्मेलन को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, कुमारी सैलजा सहित अन्य वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का विषय संवैधानिक चुनौतियां : दृष्टिकोण एवं समाधान होगा।

### हकृवि देगा मधुमक्खी पालन व डेयरी फार्मिंग पर प्रशिक्षण

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में अगस्त मास के दौरान बेकरी, मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन तथा डेयरी फार्मिंग हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि इन प्रशिक्षणों में 1 से 4 अगस्त तक बेकरी, 6 से 8 मशरूम उत्पादन तकनीक, 18 से 22 अगस्त डेयरी फार्मिंग तथा 25 से 27 मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में देश/प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला या पुरुष यह प्रशिक्षण ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा।

### आज लगाया हर पौधा आने वाली पीढ़ियों के प्रति वायदा

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के नए परिसर में कुलपति डॉ. नरेश जिंदल के नेतृत्व में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग के मार्गदर्शन में और विश्वविद्यालय के सक्रिय प्राणवायु क्लब के समन्वयन में आयोजित किया गया। यह पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें मंगलवार को कुल 800 पौधे विश्वविद्यालय के नए परिसर में लगाए गए। इस अवसर पर डॉ. सज्जन सिहाग ने कहा कि आज लगाया गया हर पौधा आने वाली पीढ़ियों के प्रति एक वादा है।

### टीम इंडिया में खेलते हुए रिया ने जीता कांस्य

**हिसार।** इंडिया ताइक्वांडो के नेतृत्व में मिल गेट क्षेत्र में रहने वाली की रिया ने इंडिया टीम में खेलते हुए इंडिया की तरफ छठी एशियाई कैडेट, जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। रिया हिसार की पहली महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी बनी है। हाल ही में पंजाब के जालंधर शहर में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हुई इंडिया ताइक्वांडो के बैनर तले कैडेट और जूनियर फाइनल सिलेक्शन ट्रायल में हिसार से महिला केडिट वर्ग के 47 किलोग्राम भार वर्ग मे गोल्ड मेडल जीत करके इंडिया ताइक्वांडो टीम के लिए ट्रायल प्रक्रिया में भाग लिया। रिया को इंडिया के टॉप 8 ताइक्वांडो महिला खिलाड़ी से मैच खेलना पड़ा और रिया ने सभी को एक तरफा हरा कर के अपने जीत को सुनिश्चित किया।

## ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने सबडिवीजन कार्यालय में किया प्रदर्शन

# गेट मीटिंग: ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में उतरे कर्मचारी

**निगम प्रबंधन व हरियाणा सरकार से की मांग कि इस ऑनलाइन तबादला नीति को तुरंत प्रभाव से रद किया जाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ प्रदर्शन करते सातरोड सब डिवीजन कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*



**हिसार।** गेट मीटिंग में ऑनलाइन पॉलिसी की प्रतियां जलाते बिजली कर्मचारी।

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की सातरोड सबयूनिट ने सबडिवीजन कार्यालय में राज्य कमेटी के आह्वान पर गेट मीटिंग कर बिजली निगमों की ऑनलाइन तबादला नीति की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट किया और सरकार व बिजली निगम प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बोबिंदर हुड्डा ने की तथा संचालन सचिव मुकेश कुमार खांडा ने किया।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य नेता धर्मेंद्र जेई, यूनिट सचिव रमेश सातरोडिया व सहसचिव मुकेश गौतम ने कहा कि बिजली निगमों में ऑनलाइन तबादला नीति लागू करना बहुत ही जोखिम भरा कार्य है। उन्होंने निगम प्रबंधन व हरियाणा सरकार से मांग की है कि इस ऑनलाइन तबादला नीति को तुरंत प्रभाव से रद किया जाए और आरटीएस के तहत समय पर कार्य पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टाफ व सामान की उपलब्धता करवाई जाए, अन्यथा कर्मचारी आगे चलकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कर्मचारियों से आगामी 5 अगस्त को ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करने तथा बिजली मंत्री व एसीएस पावर के नाम ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की। गेट मीटिंग को सब यूनिट नेता कमल पूनिया, पवन शर्मा, रविंद्र सैनी, दिनेश व आत्माराम आदि कर्मचारी नेताओं ने भी संबोधित किया।

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में जताया रोष



**हिसार।** ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ गेट मीटिंग कर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने राज्य कमेटी के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गेट मीटिंग कर जोरदार रोष प्रदर्शन किया और पॉलिसी की प्रतियां जलाई। सिटी सब डिवीजन की गेट मीटिंग की अध्यक्षता परमजीत सैनी ने की व संचालन सुरेंद्र फौजी ने किया। वहीं सिविल लाइन, मॉडल टाउन, टीएंडएस और एमएंडपी सब डिवीजनों की संयुक्त गेट मीटिंग की अध्यक्षता जोगिंदर पुनिया व कुलदीप ने की तथा संचालन जय कुमार व सुशील ने किया। इस मौके पर यूनिट प्रधान सुरेश रोहिल्ला, यूनिट सचिव अनिल वर्मा व राज्य नेता अशोक सैनी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी ना तो कर्मचारियों के हित में है और ना ही निगम के हित में है।

### बिजली कर्मियों ने ऑनलाइन पॉलिसी की प्रतियां जलाई

**हिसार।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन के गंगवा सब यूनिट में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट के प्रधान विकास शर्मा ने की। प्रधान विकास शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार तथा बिजली निगम प्रशासन द्वारा आदर्श ऑनलाइन पॉलिसी को जबरन कर्मचारियों पर थोपा जा रहा है। इसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी में लाइनमैन, असिस्टेंट लाइनमैन, फोरमैन व जेई को भी शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि लाइन पर काम करने वाले कर्मचारी कुछ समय के बाद बदले जाएंगे तो काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी के विरोध में सब यूनिट गंगवा में इसकी प्रतियां जलाई गई। मीटिंग में अजय कुमार, महेंद्र, सत्यवान, अरूण, भीम, बलजिन्द्र, किरण, राज भारती व पुष्पा, बिमल आदि मौजूद थे।

## जीएमआरटी नेशनल साइंस इनोवेशन प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में छाए डीपीएस के विद्यार्थी



**हिसार।** प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ प्रोजेक्ट इंजार्ज व विजेता विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च पुणे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ नोलेज, नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रो, जायंट मीटरवेव रेडियो टेलिस्कोप, भारत सरकार द्वारा नेशनल साइंस इनोवेटिव प्रोजेक्ट कम्पटीशन कम एग्जीबिशन का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल के 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों शिवम् और अर्नव ने प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. विकास शर्मा के साथ भाग लिया। डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शिवम व अर्नव ने ए. आई. व टेक्नोलॉजी आधारित रिसर्च वर्क प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। नेशनल सेंटर, इंडियन इंस्टिट्यूट व जायंट मीटरवेव के वैज्ञानिकों द्वारा डीपीएस की टीम को इनोवेशन, यूज ऑफ़ टेक्नोलॉजी, क्रिएटिविटी, पर्यावरण व सामाजिक उपयोगिता के आधार पर टॉप टू-हंड्रेड बेस्ट इनोवेटिव साइंस प्रोजेक्ट्स विजेता घोषित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय डायरेक्टर निहाल सिंह व प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. विकास शर्मा व विजेता विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### बरवाला में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की प्रतियां फूंकी

**बरवाला।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सब यूनिट बरवाला मे केंद्रीय परिषद के आहवान पर सरकार की मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में पॉलिसी की प्रतियां जलाई गई और विरोध स्वरूप मुख्य गेट पर रोष प्रदर्शन किया गया। इसका संचालन सब यूनिट सचिव राधेश्याम द्वारा किया गया और अध्यक्षता प्रधान अश्विनी पूनिया द्वारा की गई। प्रधान अश्विनी पूनिया और सचिव राधेश्याम ने सरकार पर जान बूझकर कर्मचारियों की गलत नीति से ऑनलाइन ट्रांसफर करके कर्मचारियों को प्रताड़ित करने को आरोप लगाया। इस अवसर पर यूनिट से सुरेंद्र सिंह जेई राजेश कुमार, शमशेर सिंह जेई, रमेश कुमार सीए, सुभाष चंद्र फोरमैन, सुरेश फोरमैन, अजमेर, ललित, चंद्रभान, असलम, संदीप, राममेहर, राजकिशन, मोनू कुमारी, सुशीला देवी, यशपाल व उदयवीर आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- सफाई कर्मचारी संघ ने गत दिनों निकाय मंत्री विपुल गोयल को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था और निकाय मंत्री ने मांगो को जल्द पूरा करवाए जाने का आश्वासन दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏩ बरवाला




**बरवाला।** सफाई कर्मचारी पुरानी नगरपालिका गेट के समक्ष प्रदर्शन करते हुए।

पुरानी नगरपालिका बरवाला के गेट के समक्ष सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ गेट मीटिंग करके रोष प्रदर्शन किया। इन कर्मचारियों ने इस प्रदर्शन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करके रोष व्यक्त किया।

सफाई कर्मचारी संघ ने गत दिनों निकाय मंत्री विपुल गोयल को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था और निकाय मंत्री ने मांगो को जल्द पूरा करवाए जाने का आश्वासन दिया था। परंतु अभी तक सरकार ने कर्मचारियों की मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगरपालिका इकाई के प्रधान सुनील लोट, उपप्रधान मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, वेद प्रकाश, सुखविंदर, गुड्डी, बोबी, शीला व सीमा आदि मौजूद रहे।

# बास्केटबॉल में सनातन धर्म कन्या विद्यालय की छात्राएं छाई

- प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय की अंडर-17 बास्केटबॉल टीम ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेती श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने ब्लॉक स्तर पर आयोजित इंटर स्कूल टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने बताया कि विद्यालय की अंडर-17 बास्केटबॉल टीम ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही अंडर-19 बास्केटबॉल टीम ने कड़े मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। इसके अतिरिक्त अंडर -14 आयु वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 'लॉन्ग जंप इवेंट' में मानवी ने दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने बताया कि विजेता टीम अंडर -17 एथलीट में मानवी का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। प्राचार्या ने विद्यालय कोच दीपिका बूरा व विजेता छात्राओं व अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, उपसचिव लक्ष्मीकांत गोयल, प्रबंधन समिति सदस्य चंद्रभान गर्ग व नकुल कुमार अग्रवाल ने विजेता टीम, स्कूल प्राचार्या, कोच व छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लें तथा अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारे।

# मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग में खेलते हुए लड़कियों में याविका ने शॉट पुट तथा लड़कों में अर्जुन ने शॉट पुट में द्वितीय स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर



आदमपुर। मदर प्राइड स्कूल के विजेता विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग में खेलते हुए लड़कियों में याविका ने शॉट पुट तथा लड़कों में अर्जुन ने शॉट पुट में द्वितीय स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान प्राप्त करके नयन गोदारा ने बाजी मारी। 1500 मीटर दौड़ में दीपांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुमित ने डिस्कस थ्रो में तृतीय स्थान पर अपनी जीत दर्ज करवाई। डिस्कस थ्रो में निकिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कृष सौ मीटर दौड़ में तीसरे स्थान पर रहे। 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अरमान ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल संचालक धर्मवीर जांगड़ा और स्कूल प्राचार्य राकेश कौशिक ने इस जीत पर स्कूल कोच, अभिभावकों और खिलाड़ियों को बधाई दी।

# खेलों में शाहपुर स्कूल की छात्राएं छाई

- छात्राओं ने अंडर 19 वर्ग में खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** स्कूल स्टाफ के साथ प्रतियोगिता में विजेता छात्राएं।


स्कूली खेल प्रतियोगिता में सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर की छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता धीरणवास स्थित विकास डिफेंस स्कूल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अंडर 19 वर्ग में खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आर्यन ने 400 मीटर तथा लम्बी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी वर्ग में भावना ने 800 मीटर में प्रथम स्थान तथा आंचल ने दूसरा स्थान हासिल किया। भावना ने 400 मीटर में दूसरा स्थान जीता। अंडर 17 आयुवर्ग में चंचल ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तथा वर्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में एकता ने 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 आयुवर्ग में आशा ने 100 मीटर दौड़ प्रथम स्थान तथा ललिता ने दूसरा स्थान हासि किया। सामाजिक कार्यकर्ता रणधीर सिंह बैनीवाल ने बताया कि छात्राएं 3-4 साल से अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। प्रार्थना सभा में छात्राओं को सम्मानित किया गया। सरपंच रितु वर्मा ने भी छात्राओं की सराहना की।

# यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

- मेंटेनेंस के कार्य प्राइवेट एजेंसियों से करवाने पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की जिला कमेटी ने जिला प्रधान ओमप्रकाश के नेतृत्व में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के आधीन कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और मेंटेनेंस के कार्य प्राइवेट एजेंसियों से करवाने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया और अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का संचालन जिला सचिव दीपक मेहरा ने किया। प्रदर्शन में राज्य प्रधान गंगाराम मौण, वरिष्ठ उपप्रधान अजय कुमार, जिला चेयरमैन नरेश गौतम, प्रीतम सिंह, सूरत सिंह, राजेश शर्मा, प्रदीप बूरा, दीपक लोट, जोगेंद्र फौजी, सुनील कुमार, राम सूरत सिंह, नरेंद्रपाल सिंह, अनूप फौजी व सोनू जांगड़ा आदि मौजूद थे। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा के मुद्दे को यूनियन लगातार उठा रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्दी ही कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए तो यूनियन राज्य कमेटी जल्द ही मीटिंग कर बड़े आंदोलन का शंखनाद करेगी।

## शतरंज प्रतियोगिता में बोस सदन रहा विजयी

# इंडोर खेलों से बौद्धिक क्षमता व सहनशीलता का विकास संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार।** स्कूल निर्देशिका डॉ. ज्योत्स्ना के साथ विजेता टीम। *फोटो :हरिभूमि*

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में अंतर- सदनीय शतरंज तथा कैरमबोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में स्कूल के चारों सदनों टैगोर, बोस, विवेकानंद और नेहरू के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों प्रतियोगिताएं क्रमशः अंडर 11, 14, 17 आयु वर्ग के प्रतिभागियों के बीच अलग-अलग हुई।

सबसे पहले अंडर 11 आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में बोस सदन विजयी रहा जिसमें अभिनव लक्ष्य, यश, रौनक और आर्यन ने भाग लिया। विवेकानंद सदन द्वितीय स्थान पर रहा जिसमें ईशान, रजतार, रितिका, नक्श व पुष्कर प्रतिभागी थे। अंडर 14 आयु वर्ग में नेहरू सदन प्रथम तथा बोस सदन द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतिभागियों के रूप में डेजल, अक्षत, आदित्य, तन्मय और अविरव तथा तनुज, हेमंत, यश, निहारिका एवं चनजोत ने भाग लिया। अंडर 17 आयु वर्ग में नेहरू सदन (रवि, विदित, अभिनवी, प्रिंस और कृष) ने प्रथम तथा विवेकानंद सदन (शिवम, भविष्य, एकलव्य तथा स्पर्श) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही दूसरी ओर कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में अंडर 11 आयु वर्ग में टैगोर सदन (साहिल,अंश व रचिता) ने प्रथम तथा नेहरू सदन (मानविक, सूर्यांश व धैर्य) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि शतरंज तथा कैरम बोर्ड जैसे खेल विद्यार्थी के बौद्धिक व मानसिक विकास में सहायक हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर स्कूल निर्देशिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा, उप प्रधानाचार्या प्रगति, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई, खेल प्रशिक्षक आदर्श और स्वाति सहित अन्य अध्यापक गण उपस्थित रहे।